उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 27.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# महोबा पुलिस



- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**






महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 27.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।







प्रशिक्षण की गुणवत्ता व अनुशासन पर बल — चरखारी क्षेत्राधिकारी द्वारा इनडोर/आउटडोर प्रशिक्षकों संग की गयी समीक्षा बैठक

आज दिनांक 27.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोडं द्वारा पुलिस लाइन सभागार महोबा में इनडोर एवं आउटडोर इंस्ट्रक्टर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावशाली एवं उद्देश्यपरक बनाना था।

बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रशिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि—

सभी इनडोर एवं आउटडोर कालांशों का संचालन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार हो तथा उसमें व्यावहारिक ज्ञान को अधिक महत्व दिया जाए।

प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों के मध्य बेहतर संवाद व्यवस्था स्थापित की जाए ताकि प्रशिक्षण में स्पष्टता, सहजता और प्रभावशीलता बनी रहे।

अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षु में नैतिकता, सेवा भावना और संवेदनशीलता के गुण विकसित किए जाएं।

प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं और व्यवहारिक कठिनाइयों को समय रहते चिन्हित कर समाधान हेतु ठोस प्रयास किए जाएं।

क्षेत्राधिकारी महोदय ने प्रशिक्षण में संलग्न सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे उदाहरण स्वरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि प्रशिक्षु उनसे प्रेरणा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त, अनुशासित और संवेदनशील पुलिस बल के निर्माण की आधारशिला इसी प्रारंभिक प्रशिक्षण काल में रखी जाती है।

बैठक में सभी उपस्थित इंस्ट्रक्टर्स ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण संबंधी कई सुझाव भी दिए, जिनपर सकारात्मक चर्चा की गई।

यह बैठक न केवल प्रशिक्षण की तकनीकी गुणवत्ता पर केंद्रित रही, बल्कि प्रशिक्षण के दौरान मानवीय मूल्यों, व्यवहारिक दक्षता और टीम भावना को भी प्राथमिकता दिए जाने का संदेश लेकर समाप्त हुई।

# महोबा पुलिस



RO/ARO परीक्षा 2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 27 जुलाई 2025 को आयोजित RO/ARO परीक्षा 2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा—

- परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था,
- ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की उपस्थिति,
- सीसीटीवी कैमरों, प्रवेश व निकास द्वारों की निगरानी,
- तथा सामान्य अनुशासन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया।

उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं नकलविहीन वातावरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क, सजग एवं संवेदनशील रहते हुए ड्यूटी निर्वहन के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

- ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति को भौतिक रूप से चेक किया गया, साथ ही उन्हें यह निर्देशित किया गया कि वे परीक्षा अवधि तक बिना किसी शिथिलता के अपने कर्तव्यों का पालन करें एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा जैसे अति संवेदनशील कार्य में पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

जनपद महोबा पुलिस की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि RO/ARO परीक्षा 2025 पूर्णत: निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.07.2025

मीडिया सेल, महोबा

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व सम्मानित संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार ।

दिनांक- 24.07.2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से थाना महोबकंठ क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक युवक द्वारा सम्मानित संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी का प्रयोग करते हुये सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संज्ञान लेते हुये अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी व विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया था

जिसके क्रम में आज दिनांक 27.07.2025 को प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ द्वारा अभद्र टिप्पणी करने वाले अभियुक्त अरविन्द चतुर्वेदी पुत्र स्वामी प्रसाद चतुर्वेदी उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआं थाना महोबकंठ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाहीअभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा गया है।

- **सोशल मीडिया का प्रयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या भड़काऊ सामग्री को पोस्ट/ साझा करने से बचें।**
- **सामाजिक सौहार्द, शाति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इसमें प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है।**
- **सभी नागरिकों को सचेत किया जाता है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी को भी अनुमाति नही है और यदि किसी के द्वारा ऐसा करने का प्रयास किया जायेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।**



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 27.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा के नेतृत्व में गठित टीम के उ0नि0 रामबाबू यादव द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 120/2025 धारा 69/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त देवपाल पुत्र रामरतन कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी घटेरा थाना महोबकंठ जिला महोबा को घुटई तिराहा से नियमानुसार गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 रामबाबू यादव
2. हे0का0 फूलसिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

देवपाल पुत्र रामरतन कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी घटेरा थाना महोबकंठ जिला महोबा



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 26.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरूण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित उ0नि0 शिवदान सिंह मय हमराह कां0 आशीष कुमार सरोज, कां0 उमेश चन्द्र व म0कां0 शीला यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्ता क्रमशः 1.श्रीमती उपासना कबूतरा पत्नी लखन कबूतरा उम्र करीब 21 वर्ष 2.श्रीमती क्रान्ति पत्नी सुरेश कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण ग्राम गंज थाना अजनर जनपद महोबा जिनके कब्जे से अलग-अलग 20-20 ली0 अवैध देशी शराब महुआ नाजायज बरामद करते हुए ग्राम कबूतराडेरा गंज से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तागण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 163/2025 व मु0अ0सं0 164/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्तागण–

1.श्रीमती उपासना कबूतरा पत्नी लखन कबूतरा उम्र करीब 21 वर्ष 2.श्रीमती क्रान्ति पत्नी सुरेश कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण ग्राम गंज थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम–

1. उ0नि0 शिवदान सिंह
2. कां0 आशीष कुमार सरोज
3. कां0 उमेशचन्द्र
4. म0कां0 शीला यादव

### बरामदगी–

दोनों अभियुक्ता के कब्जा से 20-20 ली0 अवैध देशी शराब महुआ नाजायज बरामद होना।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 27.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित म0उ0नि0 नेहा विश्वकर्मा मय हमराह हे0का0 राजाराम पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 161/2025 धारा 74/76/333/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछिंत अभियुक्त घासीराम कुशवाहा पुत्र स्व0 ललता प्रसाद सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सालट थाना चरखारी जनपद महोबा को रेलवे फाटक के पास सालट तिराहा पर बने यात्री प्रतिक्षालय वहद ग्राम सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1.म0उ0नि0 नेहा विश्वकर्मा

2.हे0का0 राजाराम पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

घासीराम कुशवाहा पुत्र स्व0 ललता प्रसाद सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सालट थाना चरखारी जनपद महोबा



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक-27.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह मय हमराह कां0 आर्यन सिंह, कां0 जयदीप पटेल व कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त कृष्णा उर्फ परदेशी पुत्र हुकुम सिह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मु0 जयेन्द्र नगर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किलो 100 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद करते हुए टोला तलाब वन विभाग गेट के पास वहद कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 163/2025 धारा 8/20 NDPS ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

कृष्णा उर्फ परदेशी पुत्र हुकुम सिह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मु0 जयेन्द्र नगर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह
2. कां0 आर्यन सिंह
3. कां0 जयदीप पटेल
4. कां0 वीरेश्वर दत्त मिश्र

### बरामदगी

अभियुक्त के कब्जे से 01 सफेद रंग की झोले में 1किलो 100 ग्राम गांजा सूखा नाजायज



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 27.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित उ0नि0 संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र स्व0 सन्तराम उम्र 28 वर्ष निवासी अस्थौन थाना चरखारी जनपद महोबा व हाल पता प्रेमनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए अण्डर ग्राउण्ड रेलवे ब्रीज के पास बदह मु0 आलमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 321/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी बजरिया
2.कां0 विनोद कुमार
3.कां0 संग्राम सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त -

शैलेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र स्व0 सन्तराम उम्र 28 वर्ष निवासी अस्थौन थाना चरखारी जनपद महोबा व हाल पता प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।

